Girls' High School and College, Prayagraj
Work sheet - No. 2
Session - (2020-21)
Class - 2 (A-F)
Subject - Hindi
Lesson - ईमानदार लकड़हारा (पाठ का शेष भाग)

अभिभावकों के लिए निर्देश- अभिभावक यह सुनिश्चित करें कि बच्चे (वर्कशीट-1) में दिए गए पाठ के अंश को पहले पढ़ें फिर पाठ के प्रस्तुत अंश को सही उच्चारण के साथ, समझते हुए पढ़ें। पाठ के नीचे लिखे अभ्यास को ध्यानपूर्वक करें।

लकड़हारे ने कहा- "मैं तो नई कुल्हाड़ी भी नहीं खरीद सकता।" देवता बोले- "तुम चिंता मत करो, मैं तुम्हारी सहायता करता हूँ।"
जलदेवता ने नदी में डुबकी लगाई और एक चाँदी की कुल्हाड़ी लेकर उपस्थित हुए। उन्होंने लकड़हारे से पूछा- "क्या यही तुम्हारी कुल्हाड़ी है?"
लकड़हारा बोला कि "यह मेरी कुल्हाड़ी नहीं है।"
जलदेवता ने दूसरी बार डुबकी लगाई। इस बार उनके पास सोने की कुल्हाड़ी थी। जलदेवता ने पूछा- "क्या यही तुम्हारी कुल्हाड़ी है?" "नहीं"। लकड़हारे ने दोबारा कुल्हाड़ी की तरफ देखते हुए मना कर दिया।
तब जलदेवता ने एक बार फिर कोशिश की।
इस बार जलदेवता लोहे की कुल्हाड़ी लेकर

उपस्थित हुए। कुल्हाड़ी देखकर लकड़हारे की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। वह खुशी से बोला- " यही मेरी कुल्हाड़ी है।"
यह सुनकर जलदेवता बहुत खुश हुए और बोले- " तुम एक ईमानदार व्यक्ति हो। यह लो अपनी कुल्हाड़ी और ये दो कुल्हाड़ियाँ मैं तुम्हें तुम्हारी ईमानदारी के लिए इनाम के रूप में देता हूँ।" कुल्हाड़ियाँ देकर जलदेवता अदृश्य हो गए।

पाठ का सारांश - किसी गाँव में एक लकड़हारा रहता था। वह लकड़ियाँ काटता था। एक दिन लकड़ी काटते समय उसकी कुल्हाड़ी नदी में गिर गई। लकड़हारा बहुत दुखी हुआ। तभी नदी में से जलदेवता प्रकट हुए। उन्होंने उससे पूछा, " तुम क्यों दुखी हो?" लकड़हारे ने बताया उसकी कुल्हाड़ी नदी में गिर गई है। तब देवता ने बारी-बारी से डुबकी लगा कर उसे चाँदी और सोने की कुल्हाड़ी दिखाई पर लकड़हारे ने उन्हें लेने से इंकार कर दिया। अंत में देवता ने उसे लोहे की कुल्हाड़ी दिखाई जिसे देखकर लकड़हारा बहुत खुश हुआ। जलदेवता ने भी उसकी ईमानदारी से खुश होकर बाकी दोनों कुल्हाड़ियाँ भी लकड़हारे को इनाम स्वरूप दे दीं।

नीचे लिखे शब्दों के अर्थ याद करो :

प्र॰1 कोशिश — प्रयत्न
कीमती — बहुमूल्य
इनाम — पुरस्कार
खुशी — प्रसन्नता
अदृश्य — लोप हो जाना / गायब हो जाना

प्र॰2 सही विकल्प चुनो :

1 उदाहरण - लकड़हारे की कुल्हाड़ी थी -
अ- पीतल की ☐ ब- लोहे की ☑

2 जलदेवता प्रकट हुए -
अ- नदी से ☐ ब- तालाब से ☐

3 लकड़हारा लकड़ी काटता था -
अ- कभी-कभी ☐ ब- प्रतिदिन ☐

4 जलदेवता खुश हुए लकड़हारे की -
अ- ईमानदारी से ☐ ब- परिश्रम से ☐

5 कुल्हाड़ियाँ देकर जलदेवता हो गए -
अ- दृश्य ☐ ब- अदृश्य ☐

प्र॰3 नीचे लिखे शब्दों से वाक्य बनाओ.

1 उदाहरण- कीमती - मेरे पिताजी के पास एक कीमती घड़ी है

2 कोशिश -

3 इनाम -

4 खुशी -

प्र॰4 नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर पढ़ो और याद करो:

प्र॰1 लकड़हारा लकड़ियाँ क्यों काटता था ?

उ॰ लकड़हारा बहुत गरीब था, वह लकड़ियाँ अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए काटता था।

प्र॰2 लकड़हारे की कुल्हाड़ी नदी में कैसे गिर गई ?

उ॰ एक दिन लकड़हारा नदी के किनारे लकड़ियाँ काट रहा था, उसी समय उसकी कुल्हाड़ी नदी में गिर गई।

प्र॰3 लकड़हारा क्यों दुःखी हुआ ?

उ॰ लकड़हारा बहुत दुःखी हुआ क्योंकि कुल्हाड़ी उसका एकमात्र सहारा थी। वह गरीब था और नई कुल्हाड़ी भी नहीं खरीद सकता था।